राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

अभिभाषण के लिए राज्यपाल विधानसभा जायेंगे

—

जयपुर, 23 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शुक्रवार 24 जनवरी को प्रातः 11 बजे पन्द्रहवीं राजस्थान विधान सभा के चतुर्थ सत्र में अभिभाषण के लिए विधानसभा जायेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ0 सी.पी. जोशी, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत व संसदीय कार्य मंत्री श्री शांति धारीवाल मुख्य सचिव श्री डी.बी. गुता और विधानसभा के सचिव श्री प्रमिल कुमार माथुर विधानसभा पहुँचने पर राज्यपाल श्री मिश्र का स्वागत करेंगे। विधानसभा के मुख्य द्वार पर राज्यपाल श्री मिश्र को आरएसी बटालियन द्वारा राष्ट्रीय सलामी दी जायेगी। राज्यपाल श्री मिश्र को अभिभाषण के लिए सदन में प्रोसेशन में ले जाया जायेगा।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के आगे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, विधानसभा सचिव श्री प्रमिल कुमार माथुर व राज्यपाल के दोनों परिसहाय और राज्यपाल के पीछे मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री श्री शांति धारीवाल, मुख्य सचिव श्री डी.बी. गुप्ता और राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार चलेंगे।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेषक (जनसम्पर्क) राज्यपाल